# जीवन और मृत्यु का सत्य

**जीवन का सत्य:** 1- यह सिर्फ रूप की बदलाहट है. दिन में तुम जागे थे, रात सो जाओगे. दिन और रात एक ही चीज के रूपांतरण हैं. जो जागा था, वही सो गया. बीज में वृक्ष छिपा है. जमीन में डाल दो, वृक्ष पैदा हो जाएगा. जब तक बीज में छिपा था, दिखायी नहीं पड़ता था. मृत्यु में तुम फिर छिप जाते हो, बीज में चले जाते हो. फिर किसी गर्भ में पड़ोगे; फिर जन्म होगा और गर्भ में नहीं पड़ोगे, तो महाजन्म होगा, तो मोक्ष में विराजमान हो जाओगे. मरता कभी कुछ भी नहीं. विज्ञान भी इस बात से सहमत है. विज्ञान कहता है कि किसी चीज को नष्ट नहीं किया जा सकता. 2- विज्ञान कहता है पदार्थ अविनाशी है. एक रेत के छोटे से कण को भी विज्ञान की सारी क्षमता के बावजूद हम नष्ट नहीं कर सकते. पीस सकते हैं, नष्ट नहीं कर सकते. पीसने से तो रूप बदलेगा. रेत को पीस दिया, तो और पतली रेत हो गयी. उसको और पीस दिया, तो और पतली रेत हो गयी. हम उसका अणु विस्फोट भी कर 'सकते हैं. लेकिन अणु (Molecule)टूट जाएगा, तो परमाणु (Atom) होंगे. रेत और पतली हो गयी. BUNDLE OF Energy- हम परमाणु को भी तोड़ सकते हैं, तो फिर इलेक्ट्रान, पाजिट्रान(पोजीटिव इलेक्ट्रोन),फोटॉन (इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन) रह जाएंगे. रेत और पतली हो गयी... मगर नष्ट कुछ नहीं हो रहा है; सिर्फ रूप बदल रहा है. 3- विज्ञान ने पदार्थ की खोज की, इसलिए पदार्थ के अविनाशत्व को जान लिया. धर्म कहता है, चेतना अविनाशी है, क्योंकि धर्म ने चेतना की खोज की और चेतना के अविनाशत्व को जान लिया. विज्ञान और धर्म इस मामले में राजी हैं कि जो है, वह अविनाशी है. मृत्यु है ही नहीं! तुम पहले भी थे; तुम बाद में भी होंगे, और अगर तुम जाग जाओ, अगर तुम चौतन्य से भर जाओ, तो तुम्हें सब दिखायी पड़ जाएगा कि कब क्या थे? 4- तुम इस देह को छोड़ोगे, तो दूसरी देह में प्रविष्ट हो जाओगे. तुम इस चित्तदशा को छोड़ोगे, तो नयी चित्तदशा मिल जाएगी. तुम अज्ञान छोड़ोगे, तो ज्ञान में प्रतिष्ठित हो जाओगे; मगर मिटेगा कुछ भी नहीं. मिटना होता ही नहीं.सब यहां अविनाशी है. अमृत इस अस्तित्व का स्वभाव है. मृत्यु है ही नहीं और जो है ही नहीं, उसकी व्याख्या कैसे करें? उदाहरण के लिए ये ऐसा ही है, जैसे तुमने रास्ते पर पड़ी रस्सी में भय के कारण सांप देखा. भागे, घबड़ाए, फिर कोई मिल गया, जो जानता है कि रस्सी है, उसने तुम्हारा हाथ पकड़ा और कहा मत घबड़ाओ, रस्सी है? तुम्हें ले गया; पास जाकर दिखा दी कि रस्सी है. 5- एक डाक्टर कह सकता है कि मैंने सैकड़ों मृत्युएं देखी हैं. लेकिन ये गलत है, उसने सैकड़ों मरते हुए लोग देखे होंगे, लेकिन मरते हुए लोग देखने से क्या होता है! तुम बाहर यही देख सकते हो कि सांस धीमी होती जाती है; धड़कन डूबती जाती है. मगर यह मृत्यु थोड़े ही है. यह आदमी अब ठंडा हो गया, यही देखोगे, मगर इसके भीतर जो चेतना थी, कहां गयी? उसने कहां पंख फैलाए? वह किस आकाश में उड गयी? वह किस द्वार से प्रविष्ट हो गयी? किस गर्भ में बैठ गयी? वह कहां गयी? क्या हुआ? उसका तो तुम्हें कुछ भी पता नहीं है. 6- जिस दिन मृत्यु झूठ हो जाती है, उसी दिन जीवन भी झूठ हो जाता है. क्योंकि वह मृत्यु और जीवन हमारे दोनों एक ही भांति के दो हिस्से हैं. जिस दिन मृत्यु झूठ हो गयी, उस दिन जीवन भी झूठ हो गया. उस दिन कुछ प्रगट होता है, जो मृत्यु और जीवन दोनों से अतीत है. उस अतीत का नाम ही परमात्मा है; जो न कभी पैदा होता, न कभी मरता, जो सदा है. **क्या मृत्यु के बाद जीवन होता है?** 1- मृत्यु की समाप्ति और जीवन का अनुभव एक ही सीमा पर होते हैं, एक ही साथ होते हैं. जीवन को जाना कि मृत्यु गई, मृत्यु को जाना कि जीवन हुआ, अगर ठीक से समझें तो ये एक ही चीज को कहने के दो ढंग हैं. ये एक ही दिशा में इंगित करने वाले दो इशारे हैं. यदि एक बार यह पता चल जाए कि मैं अलग हूं, तो जीवन का अनुभव शुरू हो गया. 2- कैसे होगी वह दुनिया जिस दिन सारा जगत जानेगा ..भीतर से ,कि आत्मा अमर है! उस दिन मृत्यु का सारा भय विलीन हो जाएगा! उस दिन मरने का भय भी विलीन हो जाएगा, मारने की धमकी भी विलीन हो जाएगी. उस दिन युद्ध विलीन होंगे, उसके पहले नहीं, जब तक आदमी को लगता है कि मारा जा सकता है, मर सकता हूं, तब तक दुनिया से युद्ध विलीन नहीं हो सकते. चाहे सारी दुनिया में अहिंसा के कितने ही पाठ पढ़ाए जाएं. जब तक मनुष्य को भीतर से यह अनुभव नहीं पैदा हो सकता कि जो है, वह अमृत है, तब तक दुनिया में युद्ध बंद नहीं हो सकते. 3- लेकिन एक अदभुत प्रवंचना आदमी पैदा करता है. भीतर वह देखता है कि शरीर क्षीण हो रहा है, जवानी गई, बुढ़ापा आ रहा है और भीतर दोहरा रहा है कि आत्मा अजर-अमर है. वास्तव में,वह अपना विश्वास जुटाने की, हिम्मत जुटाने की कोशिश कर रहा है-कि मत घबराओ ..मौत तो है, लेकिन ऋषि-मुनि कहते हैं कि आत्मा अमर है. आत्मा की अमरता का सिद्धांत मौत से डरने वाले लोगों का सिद्धांत बन गया है. 4- लोग जीवन को जीने से भयभीत हैं, मृत्यु से नहीं, क्योंकि जीवन एक समस्या है जिसे सुलझाना है. जीवन में हजारों जटिलताएं हैं जिनका समाधान होना है. जीवन में इतने सारे आयाम हैं कि तुम निरंतर किसी न किसी चिंता में होते हो ... कि क्या जिस आयाम में तुम गति कर रहे हो, वह सही है या फिर तुमने सही आयाम को पीछे छोड़ दिया है?" यदि मृत्यु का भय होता है, तो इसका मतलब है कि कुछ कमियां हैं जिन्हें पूरा नहीं किया गया है. तो मृत्यु के वे भय बहुत संकेतात्मक और सहायक हैं. वे दर्शाते हैं कि तुम्हारे जीवन की मशाल की भभक को दोनों सिरों से एक साथ जलना होगा. 5- भविष्य के सम्बन्ध में विचार मत करो, अतीत के सम्बन्ध में मत सोचो. स्मृतियों में मत जाओ क्योंकि वह व्यर्थ है; बस भीतर चले जाओ. तुम्हें क्या हो रहा है... उस प्रक्रिया में चले जाओ. वह तुम्हें बहुत सी बातें प्रकट करेगा. यदि तुम उन छिद्रों को भेद देते हो तो तुम पूर्णतया रूपांतरित हो जाओगे. तुम उनको फिर से भरने का प्रयास नहीं करोगे, मगर फिर भी तुम प्रेम कर सकते हो ..बिना किसी को भीतर लिए हुए और वहां पर कोई गहरी आवश्यकता को पूर्ण करे बिना. 6- एक क्षण वह है, दूसरे क्षण वह जा चुका है. वह एक साबुन का बुलबुला है; छोटी से चुभन और वह गया. वास्तव में जितना तुम जीवन को समझते हो उतना तुम आश्चर्य से भरते हो की वह कैसे अस्तित्व में है! तब मृत्यु समस्या नहीं है; जीवन समस्या बन जाता है! मृत्यु स्वाभाविक लगती है. यह एक चमत्कार है की जीवन अस्तित्व में है; इतनी कामचलाऊ चीज, इतनी क्षणिक चीज और मात्र यह अस्तित्व में ही नहीं है, लोग इस पर श्रद्धा करते हैं. लोग इस पर निर्भर रहते हैं, लोग इस पर भरोसा करते हैं. 7- हर एक मरता हुआ व्यक्ति तुम्हें अपनी मृत्यु के निकट ला रहा है, तो हर मृत्यु आधारभूत रूप से तुम्हारी मृत्यु है. हर मृत्यु में कोई मर रहा है और पूर्ण विराम के निकट आ रहा है. इसके पहले यह घटे, व्यक्ति को जितना होश पूर्ण हो सके हो सके, बनना है. यदि हम जीवन पर बहुत श्रद्धा करते हैं, तो हम अचेतन होने की ओर प्रवृत्त हैं. यदि हम इस तथाकथित जीवन पर संदेह करते हैं; जो हमेशा मृत्यु पर समाप्त होता है; तब हम अधिक होश पूर्ण होते हैं और उस बोध में एक नए प्रकार का जीवन प्रारंभ होता है, उसके द्वार खुलते हैं; वह जीवन जो मृत्यु विहीन हैं, जो शाश्वत है, जो समय के पार है. - स्वामी ध्यान अभय, मो॰ 9971021330.




## कोरोना वायरस क्या है? लक्षण

कोरोना वायरस का संबंध वायरस के ऐसे परिवार से है, जिसके संक्रमण से जुक़ाम से लेकर सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्या हो सकती है. कोरोना वायरस विषाणु के एक बहुत बड़े परिवार का हिस्सा है लेकिन इनमें से सिर्फ 6 विषाणु ही ऐसे हैं जो इंसानों को संक्रमित कर सकते हैं. **लक्षण**- नाक बहना, खांसी, जुकाम, सिरदर्द, बुखार, गले में खराश. **बचाव**- इलाज नहीं है उपलब्ध. संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छीकनें से, किसी व्यक्ति के बिल्कुल करीब जाकर, **वायरस फैलने से कैसे रोकें**- हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोएं या सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें, खांसतें और छीकतें वक्त डिस्पोजेबल टिशू का इस्तेमाल करें. इस्तेमाल किए गए टिशूज को फेंक दें (इसके बाद हाथ धो लें), टिशू नहीं है तो छीकतें और खांसते वक्त अपने बाजू का इस्तेमाल करें, बिना हाथ धोए अपनी आंखों, नाक और मुंह को ने छुएं. जो बीमार है उनके संपर्क में न आने की पूरी कोशिश करें. - सतीश सेठी, मो॰ 6396782575.

## देश में एपीआई और योगों की कमी नही: सरकार

**नई दिल्ली:**- एनपीपीए ने सूचित किया है कि उन्हें सक्रिय दवा सामग्री की कमी के बारे में कोई संदर्भ नही मिला है. इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (इाईडीएमए) ने आश्वासन दिया है कि इसके सदस्यों के पास एपीआई और योगों के पर्याप्त स्टॉक हैं, रसायन और उर्वरक मंत्री सदानंद गौड़ा ने कहा फार्मा इंडस्ट्री बॉडी आईडीएमए द्वारा नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) को आश्वासन दिया गया है कि कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण देश में सक्रिय दवा सामाग्री और योगों की कमी नही है, शुक्रवार को राज्यसभा को सूचित किया गया कि एनपीपीए ने यह भी जानकारी दी है कि चीन में COVID-19 (कोरोना वायरस) के प्रकोप के कारण दवाओं की कीमतें भंग नही हुई हैं, गौड़ा ने कहा. इसके अलावा, फार्मास्युटिकल विभाग ने चीन में कोरोनावायरस के प्रकोप के संदर्भ में देश में दवा सुरक्षा के मुद्दे को संबोधित करने के लिए केंद्रीय औषधि नियंत्रक संगठन, संयुक्त औषधि नियेत्रक, ईश्वर रेड्डी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है. समिति की सिफारिशों के आधार पर विभाग ने एनपीपीए और ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं ताकि बाजार में सस्ता कीमतों पर एपीआई और फॉर्मूलेशन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके. - जयदीप गुप्ता, रामपुर, मो॰ 9456016260.




## कैसे रखें अपने किडनी का ख्याल

किडनी या गुर्दे की बीमारी को 'साइलेन्ट किलर' भी कहा जाता है. क्योंकि प्रथम अवस्था में कभी भी इसका पता नहीं चलता है. किडनी शरीर का एक ऐसा अंग होता है जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को छानकर मूत्र के रूप में निकालने में मदद करता है. इसमें खराबी मतलब पूरे शरीर के कार्य में बाधा उत्पन्न होगा, इसलिए किडनी को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी होता है. लेकिन आज के आधुनिक युग की जीवनशैली के कारण किडनी की बीमारी होने का खतरा बढ़ गया है. इससे बचने के लिए सबसे पहले जरूरी है किडनी के शुरूआती लक्षणों के बारे में जानना - 1. मूत्र की मात्रा या तो बढ़ जाती है या कम हो जाती है. 2. मूल का रंग गाढ़ा हो जाता है. 3. बार-बार मूत्र होने का एहसास होता है मगर करने पर नहीं होता है. 4. रात को मूत्र की मात्रा या तो कम हो जाती है या अधिक. 5. मूत्र का त्याग करने के वक्त दर्द होना. 6. मूत्र में रक्त का आना. 7. झाग (foam) जैसा मूत्र. 8. पैर, हाथ और चेहरे में सूजन आदि. यह तो किडनी के बीमारी के आम लक्षण हैं जिसका थोड़ा भी एहसास होने पर तुरन्त इसकी जाँच करवायें. और चिकित्सक के सलाह के अनुसार इलाज करना शुरू करें नहीं तो समय के साथ स्थिति खराब होती जाती है. पिछले कुछ वर्षों में भारत में क्रॉनिक किडनी डिजीज यानी गुर्दे खराब होने की समस्या तेजी से बढ़ी है. शुरूआती दौर में जाँच और प्रबंधन से बीमारी को गम्भीर होने से रोका जा सकता है औश्र ऐसे में इलाज के परिणाम भी अच्छे आते हैं. इण्डियन मैडीकल एसोसियेशन (आईएमए) के राष्ट्रीय पद्मश्री डॉ॰ ए॰ मरतड पिल्लै और आईएमए महासचिव एवं हार्ट केयर फाऊंडेशन ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ॰ बी॰ सी॰ रॉय एवं डीएसटी नेशनल साइंस कम्पयुनिकेशन पुरस्कारों से सम्मानित डॉ॰ के॰ के॰ अग्रवाल का कहना है कि ऐसे लोग जिन्हें डायबिटिज, हाई ब्लड प्रैशर, एथरोक्लेरोटिक हार्ट डिजीज, पेरिफरल वस्कुलर डिजीज है और किडनी फेलियर का उनका पारिवारिक इतिहास है तो उनमें गुर्दा खराब होने का खतरा काफी ज्यादा रहता है. गुर्दा खराब होने के शुरूआती चरण में कोई भी लक्षण सामाने नहीं आता है.

## क्षणिकाएं



**फैसला**
बीड़ी छोड़ने का निर्णय,
उन्होने तब लिया.
जब उनके पुत्र ने, उनके
सामने सिगरेट पिया.

**अनवरत**
जीवन वाक्य में, विराम न लाओ.
चलते ही जाओ, बस चलते जाओ.

**चयन**
मीठा और मिथ्या, उनसे बच पाओ.
कड़वा और सत्य, उनसे निभा जाओ.

**प्रभाव**
डॉक्टर का, जब मुस्कराना.
रोग का, शीध्र सुधर जाना.

**परिचय**
जैसे ही उसने, मेक-अप हटाया.
आईना भी उसको पहचान न पाया.

**अग्रता**
भविष्य के भय, को ठुकराओ.
वर्तमान के लय, को अपनाओ.

**एकाकी**
भीड़ में अकेलापन, कभी न कभी.
मन को भाता है, खुशी लाता है.

**दिशा**
अपने अंदर, अच्छाई लाना है.
त्याग की भावना, को जगाना है.

**अत्यधिक**
स्वयं पर, अति विश्वास.
प्रगति का, सत्यानाश.

**स्वयं**
हमारा संग्राम, हमें लड़ना है.
किसी और को, क्यों पड़ना है.

**बढ़ो**
बीता समय, भूल पाओ.
आगे और आगे, बढ़ते जाओ.

- डॉ॰ नरेन्द्र नाथ लाहा, ग्वालियर (म॰प्र॰)
मो॰ 9753698240.

## 7 कदम स्केबीज के उपचार के लिये

Abbott

देश की अग्रणी दवा निर्माता कम्पनी ABBOTT HEALTH CARE PVT. LTD., Mob:- 09761234041, 09415036429 ने स्केबीज़ (खुजली) उपचार में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं. • रोगी जिसमें स्केबीज़ (खुजली) का पता चला है उन्हें, और उनके परिवार के सभी गरीबी सदस्यों को स्केबीज़ (खुजली) के उपचार की अवावश्यकता होती है. इसके बारे में अपने डॉक्टर से चर्चा करें. • उपचार शुरू करने से पहले आपके पूरे घर को साफ और जीवाणुओं से मुक्त किया जाना चाहिए. • डॉक्टर द्वारा लिखी गए इमल्शन या लोशन लगाने से पहले नहाएं, विशेष रूप से शाम को, ताकि दवा रात भर लगी रह सके. नहाने के बाद , अपनी त्वचा को सुखा लें. • इमल्शन या लोशन की पर्याप्त मात्रा अपनी गर्दन से लेकर पैर की अंगुली तक मलें. • इसे 6 से 8 घंटे तक लगाए रखें. • 6 से 8 घंट के बाद उसे साबुन और पानी से धो लें. • कीटों और स्केबीज़ (खुजली) को दोबारा आने से रोकने के लिए सभी दूषित कपड़े, बिस्तर, तौलिए अच्छी तरह से धो लें. • आपकी त्वचा को ठीक होने में कम से कम 4 सप्ताह लगेंगे. उपचार को दैनिक रूप से मत दोहराएं. इसे लगाने के 1 सप्ताह के बाद डॉक्टर से दोबारा परामर्श करें.

## How Do We Protect ourselves From COVID-19?

The important hygiene principles to prevent the spread of CORONA VIRUS. • Wash your hands regulary with soap and water, or an alcohol based hand cleaner. • Cover your nose and mouth with a tissue when you cough or sneeze. Alternatively, sneeze or cough into your inner elbow. • Dispose of used tissues into a plastic-lined rubbish bin immediately after use. • Avoid touching your eyes, nose or mouth as infections spread that way. • Not share eating utensils, food or drinks. • Clean surfaces regularly, such as bathroom sinks and taps, kitchen sinks and counters. • Don't go to work if you are unwell and don't send your children to school or childcare if they are unwell. Seek medical attention. • Don't shake hands, prefer 'NAMASTE'. • Maintain at least 1 meter distance to others if you are in a group. • Avoid to visit at a public place. - Neeraj Sagar, Mob:- 9818883145.

## ब्याज/अर्थदण्ड योजना के मुख्य बिन्दु

ब्याज माफी योजना के परिणामस्वरूप व्यापारी को संपूर्ण ध्यान जी.एस.टी. पर केन्द्रित करने का अवसर. • व्यापारियों को उत्पीड़नात्मक कार्यवाही से मुक्ति. • बकाया जमा न करने के कारण लगाये गये अर्थदण्ड की पूर्ण माफी. • पारदर्शिता हेतु आवेदन केवल विभागीय पोर्टल के माध्यम से. • व्यापारियों के लिए स्थानीय स्तर पर प्रत्येक लोकेशन के लिए 'हेल्प डेस्क'. • 10 लाख रुपये तक के छोटे व्यापारियों के लिए अधिकतम ब्याज माफ. • दिनांक 31.03.2020 तक एकमुश्त मूल धनराशि एवं ब्याज जमा करने पर ब्याज की माफ न की जाने वाली धनराशि पर 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट. • न्यूनतम 25 प्रतिशत एकमुश्त जमा किये जाने पर अधिकतम एक वर्ष की अवधि के लिए त्रैमासिक अथवा मासिक किश्त का विकल्प. - आशीष ब्रहम भट्ट, मो॰ 9897811055.

**www.medicaldarpan.com**

## सूचना

पंजाब से रिर्पोटर हंसराज मेहता, मो॰ 9814132529 ने जानकारी दी है कि बहुत सी दवा कम्पनियों ने अपने कर्मचारियों की पूर्ण भुगतान सहित छुट्टियां स्वीकृत की है. जिससे की CORONA को हराया जा सके, जिन कम्पनियों ने अपने कर्मचारियों के आर्थिक हितों व स्वास्थ्य रक्षा के लिए यह अभूतपूर्ण कदम उठाया है. वो सूची हंसराज मेहता से ली जा सकती है.




3 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक, बुलन्दशहर के फार्मा दर्पण खाता संख्या 1824002100118703, IFSC Code - PUNB0182400 Branch- Deputy Ganj में है, में रू॰ 250/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं॰- 09410434811 पर ै डे कर दें।

Professional People For Marketing And Franchisees May Contact For Profit Sharing Business

AYURVEDIC & NUTRACEUTICALS
Comprehensive Formulation Facility
- Third Party Manufacturing
- Export Inquiries for Regulated Markets
- PCD/Franchisee for unrepresented Area
- Monopoly Business Rights

ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY
GOOD MANUFACTURING PRACTICE WHO-GMP CERTIFIED QUALITY PRODUCT

Tablets, Capsules
Syrup & Sachet
Oil (Herbal & Cosmetic)
Powder Protein Powder Whey & Herbal Protein
External Preparation Cream, Lotion, Face Wash, Shampoo & Soap

BLUE STAR LABORATORIES
MAYLEBENS INDIA PVT. LTD.
BLUE STAR NUTROSANITA PVT. LTD.

Office: 206, Blue Star Plaza, Sarja Mkt, Opp. M2K, Sector 7, Rohini, Delhi-110085
Works: Plot No.-6, Sector-56, Phase-4, HSIIDC, Kundli-131028 (Haryana)
Ph.: 011 2704 0437, 9810165707
Email: bsnspl@gmail.com

Never Break Good Relation

Commited to Better Health......
Enquires solicited for Franchise & Third Party Manufacturing

TABLETS
INJECTABLES
CAPSULES
EYE/EAR DROPS
PROTEIN PODWER
NUTRACEUTICALS
OINTMENT
LIQUID
DRY SYRUP / DROP
SOAP / SHAMPOOS
DERMA CARE
SKIN CARE
FOOD SUPPLEMENT

We Provide all kind of PROMOTIONAL MATERIAL
- Visual Aid Folders
- Visiting Cards
- Leave Behind Cards
- M.R. Bags
- Reminder Cards
- Order Books
- Catch Cover
- Gifts etc.

NEW DCGI MOLECULES
MORE THAN 200 PRODUCTS
MONOPOLY RIGHTS
TIMELY DELIVERIES

Onida HEALTHCARE DIAMOND DIVISION

Contact
C- 7, Industrial Area, Meerut Road, Behind Uttam Toyota Showroom, Meerut Road Ind. Area, Ghaziabad, U.P. 201001
Mob.: + 91 90157 67279, + 91 98102 32877
E-mail : onidahealthcare@gmail.com

## ऑनलाइन फार्मेसियों के माध्यम से दवाओं की अवैध बिक्री रोके सरकार–AIOCD

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) ने सरकार से मरीज की सुरक्षा के लिहाज से ऑनलाइन फार्मेसी के जरिए दवाओं की अवैध बिक्री रोकने का आग्रह किया है. एआईओसीडी से सरकार को पत्र के अनुसार, दवाओं के अवैध और बड़े पैमाने पर बिक्री के संबंध में सरकार से हस्तक्षेप की मांग की गई है. जिसमें नशीले पदार्थों और नशीले पदार्थों और स्टेरॉयड के अंतर्गत आने वाले खतरनाक गुणकारी दवाएं भी शामिल हैं. AIOCD के महासचिव राजीव सिंघल मो. 9425056394 कहते हैं, हमने अवैध दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी है, जिसमें मरीजों के शारीरिक निदान के बाद ही महिलाओं के मासिक धर्म के उपचार में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं. सिंघल ने कहा, "इसके अलावा, यौन विकारों के लिए उपयोग की जाने वाली दवाएं, गर्भावस्था की समाप्ति के लिए गर्भपात की गोलियां स्वतंत्र रूप से उपलब्ध हैं और ई–फार्मेसियों द्वारा रोगियों के लिए खतरा पैदा कर बेची जाती हैं. विशेष रूप से निर्माण, बिक्री, बिक्री के प्रस्ताव, दवाओं के स्टॉक और विज्ञापन के लिए भूमि के कानूनों की निष्ठापूर्वक अवहेलना करके की गई दवा की ऑनलाइन बिक्री. " "अपराधियों को प्रभावी ढंग से ट्रैक करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए पुलिस या खाद्य और औषधि विभाग के लिए बहुत मुश्किल काम है. दिल्ली उच्च न्यायालय (एचसी) ने भी दवाओं की ऑनलाइन बिक्री को रोकने का आदेश दिया है." जगन्नाथ एस शिंदे, अध्यक्ष, एआईओसीडी. "यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि अधिकांश उन्नत देशों ने दवाओं या दवाओं को ऑनलाइन बेचने की अनुमति नहीं दी है. – **धीरेन्द्र पाल, मो॰ 9953922773.**

ANA Biotech
Frenklomed Health Care (A Division of ANA BIOTECH)
A Step towards SUCCESS...
Third Party Manufacturing & PCD/Franchise (All Over India With Monopoly Rights)
Deals in : Tablets, Capsules, Injection, Syrup, Dry Syrup, Ointment, Protein Powder, Herbal, Cosmetic & Other Range.
For More Enquiry Contact. Mrs. Kanta Bamola (Marketing Manager) Mob. : +91 9897599577.
ANA Biotech
SPO: Shyampur, Prem Nagar, Dehradun-248007 (UK)
Mob.: +91 9219697042/8077881105 Email : anabiotech.india@gmail.com

## दूध और अखबार से नही फैलता कोरोना

लेडी हॉर्डिंग मेडिकल कॉलेज में कम्युनिटी मेडिसिन के एक्सपर्ट डॉ॰ शिवाजी ने बताया कि दूध के पैकेट या अखबार ऐसी चीजों से वायरस नही फैलता है. ये महज एक अफवाह है. लोगों को इससे डरने की जरूरत नही है. कागज के सरफेस से ज्यादा ठोस चीजों पर संक्रमण फैलने का खतरा रहता है. यह वायरस संक्रमित इंसान से फैलता है, न कि अखबार या अन्य चीजों से. ऐसी कोई स्टडी नहीं है जिससे ये साबित हो, अखबार या दूध के पैकेट से वायरस फैलता हो न ही इस तरह की कोई चिकित्सीय जानकारी चीन जैसे अति प्रभावित देशों से मिली है. भारत में अभी ऐसी स्थिति नहीं है कि यहाँ कि हर चीज में वायरस का खतरा हो. इसलिए बिलकुल भी घबराने की जरूरत नही है. – **डॉ॰ विपुल, मो॰ 9411246906.**

## सूचना प्रेषित की

रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन के **जिला अध्यक्ष जयदीप गुप्ता मो॰ 9456016260, जिला महासचिव नूर मौहम्मद खाँ मो॰ 9456269821,** ने दवा व्यापारी बन्धुओं को सूचना दी है कि कोरोना वायरस को देखते हुए भारत सरकार द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में संसोधन करते हुए मास्क व सेनेटाइजर को अधिसूचित कर सारणी में रखा गया है. अधिनियम के सख्त प्रावधान हैं. अतः आप सभी औषधि विक्रेताओं को सूचित करना है कि उक्त आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी व मूल्य से अधिक मूल्य पर बेचना अब आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 से आच्छादित है. उक्त हेतु औषधि निरीक्षक व विधिक वाट माप निरीक्षक को अधिकृत किया गया है. अतः आपसे अनुरोध है कि कोरोना वायरस को हराने में शासन व प्रशासन का सहयोग करें उक्त को सूचित मूल्य पर बेचें.

www.medicaldarpan.com

APS
A Name Synonym With...
Topmost Quality & Time Bound Deliveries
WHO-GMP & ISO 9001 CERTIFIED COMPANY
THIRD PARTY MANUFACTURING FACILITIES AVAILABLE WITH SPARE CAPACITY
TABLETS
CAPSULES
ORAL LIQUIDS
BETALACTAM & NON-BETALACTAM
OINTMENTS & LOTION
Dry syrup
INVITES FRANCHISEE / DISTRIBUTORS / SALES PROMOTERS FOR UNREPRESENTED AREA
More than 100 Brands
Visual- Aids
Attractive Packing in Blister / Alu - Alu / Strip
Full promotional Support
Catch-Cover
PREMIUM BRANDS
AZMET Azithromycin
ESTY Escitalopram
FERROGOLD Ferrous Bis-Glycinate, Zinc Bis-Glycinate, Folic Acid and B12 Tab.
PEPZIT Pepsin & Fungal Diastase
APSTEL Telmisartan
ONCY-OZ Ofloxacin & Ornidazole
Kofrol Plus Expectorant
RABIK DSR Rabeprazol + Domperidone
LINPID Linseed Oil, Diclofenac Diethylamine, Methyl Salicylate, Menthol & Benzyl Alcohol
APTROVAS Atorvastatin
PSYCOPIR Piracetam
OTRONOX Ondansetron
LV-FLEX Levofloxacin
WHO-GMP CERTIFIED GOOD MANUFACTURING PRACTICE
COPP FOR DOMESTIC & EXPORTS
PLEASE CONTACT :
APS BIOTECH PVT LTD
Plot No. 21, Raipur, Bhagwanpur, Roorkee- 247661 (Uttarakhand)
Mob.:- 06395947077, 09719311088, 09719411089
E-mail : apsbiotech@rediffmail.com, apsroorkee@yahoo.com
Website : www.apsbiotech.in

## जानकारी का अभाव – गैस संचालकों की चाँदी

आज भी अधिकतर आम जनता को यह जानकारी नहीं है कि अगर गैस की बुकिंग कराने के बाद आप उसकी डिलिवरी स्वयं गैस गोदाम से लेने जा रहे हैं तो नियम यह है कि एजेन्सी की ओर से आपको 27.60 रूपये दिये जाएंगे, पर ऐसा वास्तव में होता नही हैं क्योंकि लोगों में जानकारी का अभाव है. इसलिए गैस एजेन्सी संचालक इसका भरपूर फायदा उठाकर चाँदी काट रहे हैं. ध्यान दें– गोदाम से सिलेंडर घर पहुँचाने वाले हौकर को बुकिंग रसीद में दर्ज कीमत से अधिक नही देना होता है. एक सिलेंडर की जितनी कीमत रसीद में लिखी होती है उसमें हौकर का कमीशन भी शामिल होता है.

## कोरोना वायरस – सावधानी ही अभी एक मात्र उपाय है

शासन कभी खुल के खतरे के बारे में नहीं कहता है ताकि जनता में हंगामा न मचे, पर स्कूलों का बंद होना, ट्रेनों का रद्द होना, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को स्थगित किया जाना प्रमाण है कि स्थिति गंभीर है, तो अब बहुत हुआ हंसी मजाक या व्हाट्सएपिया ज्ञान... अब थोड़ा गंभीर हो जाइये.. तुरंत सेनेटाइजर और हैंडवॉश खरीदें, सेनेटाइजर जेब/पर्स में ले के चले और हैंडवॉश+एक बाल्टी पानी घर के दरवाजे पर रखें, भीड़ वाली जगह जाने से बचें, लोगों से थोड़ी दूरी बना कर बात करें और शारिरिक संपर्क न बनाए. लहसुन, प्याज के चक्कर में न रहे, दुनिया के किसी देश के पास इसका इलाज नहीं है और कम से कम 6 माह तक होगा भी नहीं आपकी जागरूकता और सावधानी ही अभी एक मात्र उपाय है.

– **आलोक, मो॰ 9412482825.**

## GIFT

देश की अग्रणी दवा निर्माता कम्पनी **German Remedies Div. Of Cadila Healthcare Ltd. Ph.:- 022-24935528** अपने उत्पाद Deriphyllin AX, व Deriphyllin M, पर Hand Wash उपहार में दे रही हैं.

A Fastest Growing Pharma Company with a wide range of Products......
Latest Attractive Packing!
With all Promotional Inputs!
Finest Quality
Many More Products
DERMAFARM (A Derma Care Division)
GOLDEN BUSINESS OPPORTUNITY
(Super Stockist, Stockist, Distributors, Experienced Professional)
3rd Party Manufacturing in WHO Plant
TABLETS
CAPSULES
OINTMENTS
LIQUIDS
AYURVEDIC
SHAMPOO
SOAPS
SUN SCREEN LOTION
A very wide range of latest molecules:
- Itraconazole 100mg / 200mg Capsules
- Luliconazole 1% Cream
- Sertaconazole 2% Cream
- Hydroquinone, Tretinoin, Mometasone Cream
- Hydroxyzine 10mg / 25 mg Tablets
- Fusidic Acid 2% Cream
- Minoxidil 2% / 5% / 10% Lotion
- Permethrin 5% Lotion / Cream
- Clotrimazole Dusting Powder
- Ketoconazole Shampoo
Our Successfully Running Divisions:
Farma Hub | Capriana | ZankinsOrganics
For queries please contact :
Ph: +91-8171011413, 9837187230
Email.: info@farmahub.in | farmahub@gmail.com



## Interview : Dr Usha M Kumar Senior Consultant, Gynae

Dr Usha M Kumar is the director of the Progeny clinic in Lajpat Nagar and the best Gynecologist Laparoscopic surgeon in Delhi, Max Smart Hospital. She is super-specialized in endoscopic procedures for infertility and for cancer patients. She completed her qualification of MBBS and MS (Gynecology) and was the recipient of the "Excellent performance award". Medical Darpan is glad to involve in chit-chat with her on the pregnancy during COVID-19.

MD : During COVID-19, what are the extra precautions pregnant females should take?

Dr.Usha: If you are pregnant and want to take the medical care you should be taking extra precautions during your pregnancy because this COVID-19 pandemic is everywhere. First of all, we have limited hospital visits to Antenatal patients. At the first visit, you can confirm the pregnancy test if the urine pregnancy test is positive. You can visit the hospital for the first ultrasound just to confirm whether the pregnancy is there in the uterus and to confirm the heartbeat. Second visit you can do around 12-13 weeks for the Down syndrome screening because this is a very important time to do the NT scan and do the Double markers to rule out the Down syndrome in your baby. Then the third visit is going to be around 19-20 weeks of the pregnancy just to check for the baby's anomalies and for your tetanus injection. If you are having no other co-morbidities like for example, you have no history of high blood pressure, diabetes, Asthma or cardiac problems or you are on not Immuno-suppressant drugs as in cases of kidney problems or liver problems then another visit may be required at 34or 36 weeks of the pregnancy just to check the growth of the baby and blood flow to your baby as Doppler scan and in the 39th week just to plan the delivery. Very important, to watch Fetal movements from 32 weeks onwards because you should be careful about baby movements. Decreasing baby movement is the first sign that your baby is not doing well. So your baby should move at least 12-14 times in a day and you should be maintaining one kick chart just after having breakfast, lunch, and dinner starting after 32weeks. Anytime you feel the baby movements are not good enough or not 10-12 times or less than 10 in 24hours then I think it is a good idea to inform you are concerned doctor or contact the labor room. Blood pressure checking is also important because again you will not be able to go to the hospital routinely to get your blood pressure checked. So if you can do it from home, starting after 32 weeks it is a good idea. If you have any doubt you can talk to your doctor through teleconferencing or video conferencing to clear your doubts. So if you are visiting the hospital, it is important you are disclosing to your gynecologist about your travel or contact history. So if you have had any traveling even in your private vehicle or public transport with many people around or visited shops or areas where you came in contact with the patient who has lab conformed COVID-19 test you should be declaring that to your doctor. If you have any symptoms like if you have any history of sore throat, running nose, coughing or fever please declare to your doctor.

What are the immediate things pregnant mothers or family members should do, if they feel labor pains during this lockdown. Dr.Usha: First of all, it is important to identify if these are true labor pains or false labor pains. False labor pains mean, the pain can come and go off and it doesn't last for a long time. But in true labor pains, the pain is there and every time it is coming the intensity is more and more. Another thing is you have pain along with the pain you have blood stain discharge vaginally or water is leaking vaginally. These are the two signs of true labor pain. It is a good idea to inform your concerned doctors or health care workers in advance because in COVID-19 times they have to be prepared for your delivery beforehand. So please inform them beforehand. If you are really in the position that you cannot go or the private vehicle is not available you can even call emergency then ask them to send an ambulance at your doorstep and they can pick you up and they can take you to the labor room. So informing your concerned doctor and going to the labor room is very important if you are having true labor pains

How safe it is to conceive during these days?

Dr.Usha: As far as his safety is concerned whether to get pregnant during these days or not we are not sure. Because whatever the studies have been published so far they have done it in the second trimester or third trimester. We don't have the literature to support or say that if it's going to have a bad effect on your baby in case you're COVID-19 positive or are a carrier of the Covid-19 virus. The thing is since we are not aware of its consequences it is better not to try and get pregnant these days. Not only because it can affect your baby but other things like, in case you happen to have an ectopic pregnancy- a pregnancy in the tube, not in the uterus- or in case you end up in a miscarriage, again you are exposing yourself into the risk of catching infection because you have to go to the hospital where you will have to come in contact with other patients as well as the health care workers so again the chances of catching the virus are high and you know all of us are trying to maintain social distancing. If you can avoid pregnancy then please do.

What if, pregnant women could not get all the requisite vaccinations during pregnancy due to lockdown?

Dr.Usha: The vaccination that we give during pregnancy is flue and another is the tetanus toxoid vaccine. So if you are not able to take tetanus toxin vaccine it best that when you reach the hospital anytime or if you are able to contact your health worker or gynecologist then please inform them. They can take the required precautions. It can be given even after the birth of the baby and in that case, it can be given separately to the mother and child. So it is important to inform your gynecologist or the concerned pediatrician.

What are the immediate precautions that should be taken post-delivery during these days?

Dr.Usha: Post-delivery, I think it is better to continue practicing social distancing and hand hygiene along with respiratory hygiene. If you have any symptoms or any history of contact with the COVID-19 positive patient, then it is a good idea to get your testing done for the Nasopharyngeal swab test the PCR Test or another test that is available in the Rapid Testing to check the antibodies. So even if the test is negative then also please continue taking precautions because there is a 30% possibility that the test can be falsely negative. In the Postnatal period, the main concern is to breastfeed the baby. So important question is how to breastfeed the baby? This can be done in two ways. If you are really asymptotic and the COVID-19 test was also negative then also take all safety precautions, hand hygiene and not to remain in close contact with the baby. Close contact is a distance less than 1 feet n for more than 15 minutes. So practice all safety precautions and if you have any doubts about COVID-19 infection then, in that case, other ways of feeding to the babies can be opted like using expressed milk for feeding. Actually feeding is important and breast milk builds the baby's immunity and so far we don't have any evidence to say that the COVID-19 virus is positive in breast milk. So breast milk can be given, the good idea is to practice all safety precautions and use expressed milk.

## पेशाब का तकलीफ से आना या पेशाब का रुक जाना

इस रोग में पेशाब मुशकिल से आता है या रुक रुक कर आता है. **कारण:–** पेशाब की नाली में किसी रुकावट के पैदा होने से सूज़ाक के कारण, बद गोश्त पैदा होने या पथरीकी वजा से, औरतों में बच्चे दानी के किसी रोग की वजा से, या कभी गर्भ के दिनों में भी पेशाब रुक जाता है. **लक्षण:–** पहले बार बार पेशाब आता है फिर रुक रुक कर और धार पतली हो जाती है. कभी पेशाब बिल्कुल रुक जाता है. **इलाज:–** गरम पानी टब में भर कर रोगी को उसमें बिठाये और रात को कुर्स मुलय्यन 5 गाये के पावसेर दूध के साथ खिलायें. अगर दस्तों के साथ भी पेशाब ना आये तो. गुले टेसू 10 तोला पानी मं जोश देकर उस गरम पानी से पेडू के मकाम पर धारें और उसके फोक को पेडू पर लेप कर दें. या शोरा कलमी 3 माशा काफूर तुखमें नील 3–3 माशा पानी में पीस कर नाफ के नीचे लेप करें और तुख्मे खतमी तुख्मे खुब्बाजी, गुलबनफशा परीसयावशाँ गुले बाबूनाख तुखमे हुलबा तुखम शिबत 1–1 तोला गुले मुअसफर गुले टेसू, गेहूँ की भूसी 3–3 तोला सब को 20 सेर पानी में जोश देकर 10 मिनट तक उस में रोगी को बिठाये और जवाखार 1 माशा मूली का नमक 1 माशा. शूरा कलमी 1 माशा बारीक पीस कर सफूफ बना कर बकरी क दूध की लस्सी के साथ फंकायें, या शूरा कलमी 1 माशा, सरसों 1 माशा बारीक पीस कर शर्बत बजूरी 4 तोला पानी में मिलाकर उसके साथ खिला, दें. अगर इन सबसे फायदा ना हो तो किसी होशयार डॉक्टर से कैथेटर पास करवायें. वरम या पथरी की वजा से हो तो उसका मुनासिब इलाज करें. और जवाखार 1 तोला 4 तोला मिसरी में मिला कर 7–7 माशा सुबह शाम पानी के साथ देने से भी फायदा होगा. और शूर कलमी और चूहे की मेंगनयाँ पानी में पीस कर पेडू पर लेप करना चाहिये. और भेंस के कान का मैल नाफ पर मलना या जूँ पेशाब की नली में छोड़ देना भी पेशाब ले जाता है और दवा कढ़ाई वाली 2 गोली पानी के साथ देना भी मुफीद है. **परहेज़:–** गरम और तर चीजों, मसालेदार गिजा ना लें और गोश्त से बचें. **गिज़ा:–** नर्म हलकी आशे जो, खुश्का डबल रोटी दूध में भिगोकर या मूंग की नर्म खिचड़ी खिलायें. **नोट:–** इस रोग की एक किसम वो है जिस में पेशाब बनना ही बन्द हो जाता है, और पेशाब का जहर खून में शामिल हो जाता है वो यूरीमया कहलाता है, ऐसे में केथेटर आदि से भी कुछ नहीं होता मगर ऐसे में गुर्दो को सेकना, सींगयाँ लगवाना या जोकें लगावाना या गरम पानी से नहलाना और कम्बल में मरीज़ को लपेटना मुफीद हो सकता है.

## संस्था किसी भी कालाबाजारी करने वाले का साथ नहीं देगी



मनोज मिश्रा

**फरूर्खाबाद:–** केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री मनोज मिश्रा मो. 9919247731 ने सभी केमिस्ट साथियों से अपील की है कि केन्द्र सरकार ने फेस मास्क और सैनिटाइजर को आवश्यक वस्तु के रूप में घोषित किया है और NPPA (राष्ट्रीय दवा मूल्य निर्धारण आर्थॉरिटी) ने यह भी सर्कुलर जारी किया है कि फेस मास्क और सैनिटाइजर पर MRP निर्धारित करना चाहिए, इसलिए बिना MRP के फेस मास्क और सैनिटाइजर की बिक्री और स्टॉक न करें. इसके अलावा मास्क के लिए डॉ नुस्खे की आवश्यकता होती है. किसी भी अन्य जटिलताओं से बचने के लिए फेस मास्क और सैनिटाइजर की बिक्री का खरीद रिकॉर्ड बनाए रखें. इस कार्य में कालाबाजारी करने वाले की जानकारी जिला एवं राज्यस्तर पर प्रदान करें. बिल से माल खरीदें और बिल से ही माल को बेचें ताकि किसी के ऊपर कार्यवाही न हों. जनहित में कम से कम मार्जिन लेकर ही फेस मास्क और सैनिटाइजर की बिक्री करें ताकि इस आपदा से हम सभी सरकार का सहभागी रहते हुए निबटने में कामयाब हों सके. आपका यह प्रयास आपके जन स्वास्थ्य के रक्षक केमिस्ट की छवि को बनाये रखने में तो सहायक होगा ही अपितु आपकी छवि को और मजबूत करेगा. सरकार इस महामारी के लिए बहुत सख्त हैं आज ही राज्यसभा चेनल के माध्यम से बहुत सख्ती के निर्देश दिए गये हैं इस कालाबाजारी में संस्था किसी भी कालाबाजारी करने वाले का साथ नही देंगी. – **मनोज मिश्रा, मो॰ 9919247731.**

## खतरनाक साबित हो सकती है नींद की गोलियाँ

**मुजफ्फरनगर:–** भागमभाग जिन्दगी ने इंसान को इतना व्यस्त कर दिया है कि अब इस दबाव ने आम शहरियों की नींद छीन ली है. जिस तेजी से जिले में नींद न आने की समस्या बढ़ती जा रही है. उतनी ही तेजी से नींद लाने का कारोबार भी रफ्तार पकड़ता जा रहा है. शहर में अब योग और पंचकर्म की प्राकृतिक पद्धतियों से लेकर हैप्पीनैस कोर्सेस के जरिए तनाव को खत्म कर लोगों को सुलाने के लिए अत्याधुनिक स्लीप लैब्रोट्रीज तक खुलने लगी हैं. एक आंकड़े के मुताबिक जिले में 14 करोड़ की नींद की गोलियां मैडिकल स्टोर्स के माध्यम से बिक रही हैं. दो साल पहले तक यह आंकड़ा लगभग आठ करोड़ रूपये प्रतिमाह था, लेकिन अब बढ़कर 14 करोड़ रूपये प्रतिमाह पहुँच गया है. बदलते लाइफ स्टाइल ने उड़ाई नींद –न्यू मैडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सक डॉ. विनोद कुमार दहिया के मुताबिक, नींद उड़ने की सबसे बड़ी वजह लोगों की तेजी से बदलती लाइफ स्टाइल है. लम्बे समय तक काम करने, कारपोरेट जॉब्स की टेंशन, काम के सिलसिले में बाहर की यात्रा, टैक्नोलॉजी का ज्यादा इस्तेमाल और सोशल मीडिया पर संलिप्तता शहर के लोगों की सबसे ज्यादा नींद उड़ा रहे हैं. इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्लीप साइंसेज के शोध के मुताबिक वर्तमान हालातों में इस समस्या से पीड़ित लोगों में इन्वेस्टमेंट, बैंकर्स, आईटी प्रोफेशनल्स, कारपोरेट एम्प्लाई और होम मेकर्स के बाद नींद उड़ने वालों में पांचवी बड़ी संख्या स्टूडेंट्स की है, क्योंकि इन सबको अपने-अपने फील्ड में खासे दबाव और लम्बे समय तक मेहनत का सामना करना पड़ता है. युवाओं का बड़ा वर्ग सोशल मीडिया के क्रेज में फंसकर इस समस्या की जद् में आ चुका है. जिले में लोगों को सुलाने का कारोबार दो तरह से काम कर रहा है. एक सीधे तौर पर नींद की गोली या दवाऐं देकर लोगों को सुलाना और दूसरा तनाव मुक्त कर बिस्तर तक पहुंचाना. डॉक्टर्स कहते हैं कि नींद की गोलियां खाने के बाद लोग सो जाते हैं, लेकिन उनका स्लीपिंग सिस्टम सुधरने के बजाय और बिगड़ जाता है. ऐसे लोग मस्तिष्क की दूसरी तमाम गंभीर बीमारियां का शिक. ार हो जाते हैं. इसके बावजूद इंस्टेंट इलाज की चाहत में जिले के बाशिंदे सालाना करीब 50 लाख नींद की गोलियां गटक जाते हैं. बाजार में सबसे सस्ती दस गोलियों का पत्ता औसतन 35 रूपये का आता है, यानि हर महीने मुजफ्फरनगर जिला 14 करोड़ रूपये से ज्यादा की गोलियां खा रहा है. – **सुभाष चौहान, मो॰ 9837245238.**

## गुड़ गुणों की खान

**आयुर्वेदिक मत:** गुड़ स्निग्ध-भारी वीर्य वर्धक, वायुनाशक और मूत्र संशोधक है. किंतु पित्त का अत्यंत नाशक नहीं है. नया गुड़ श्वांस, कफ, खांसी, कृमि और अग्नि को बढ़ाता है. पुराना गुड़ हल्का पथ्य चिकनाहट से नाड़ियों का अवरोधक, शरीर मे गुस्सा न लाने वाला, मधुर पित्तनाशक अग्निवर्धक, मैथुन शक्ति बढ़ाने वाला, वायुनाशक और रक्त को स्वच्छ करने वाला है. अधिक पुराना गुड़ उपयोग में नहीं लेना चाहिए. यह मान्यता गलत है. गुड़ जितना पुराना होगा, उतना ही गुणकारी होता है. एक वर्ष पुराना गुड़ पथ्य है. तीन वर्ष पुराना गुड़ सबसे अच्छा माना जाता है. आहार और औषध में पुराने गुड़ का उपयोग हितावह है. **वैज्ञानिक मत:** प्रति 100 ग्राम गुड़ में ग्लूकोज 29 प्रतिशत, खनिज द्रव 3.26 प्रतिशत, जल 8 प्रतिशत तथा सुक्रोज 29.70 प्रतिशत होता है. इसके अलावा लोहा, आयोडीन, विटामिन ए तथा बी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है. 100 ग्राम गुड़ में 180 मिलीग्राम खनिज द्रव्य है. चीनी में खनिज द्रव्यों और क्षारों का अभाव है. बहुत समय से हमारे यहाँ गुड़ का प्रयोंग पकवानों में होता रहा है. आज भी गुड़ का हलुवा, गजक, गुलगुले, पूए, शक्कपारे, लड्डू और तो और गुड़ की चाय भी बनती है. गुणों की खान गुड़ की पौष्टिकता से अपरिरि. चत शहरी व्यक्ति चीनी का प्रयोग करते हैं. मानव शरीर के लिए गुड़ हर दृष्टि से लाभप्रद है. **चेतावनी:** बसंत ऋतु में गुड़ नहीं खाना चाहिए. चर्मरोग, कृमि, दांतो के रोग, मन्द बुद्धि, ज्वर, मन्दाग्नि, जुकाम और मधुमेह में नया गुड़ नहीं रखना चाहिए. फल, उड़द, दूध या तिल के साथ भी गुड़ नहीं रखना चाहिए. **गुड़ तो घर का वैद्य है, सदा राखिए पास. भूख बढ़े और अन्त पचे, मन न होय उदास.**






## अल्सर का उपचार कैसे करें ?

